भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्यसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 736**
**24.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**झारखंड में भारी उद्योगों के आधुनिकीकरण एवं रोजगार सृजन संबंधी योजनाएं**

736 **श्रीमती महुआ माजी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले पाँच वर्षों में झारखंड में स्थित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के भारी उद्योगों एवं औद्योगिक इकाइयों के आधुनिकीकरण, क्षमता विस्तार तथा नई प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए कोई विशेष योजना स्वीकृत की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी इकाई-वार ब्यौरा, स्वीकृत निवेश तथा वर्तमान प्रगति क्या है; और

(ग) इन योजनाओं से झारखंड में स्थानीय युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन के संबंध में सरकार का क्या आकलन है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** भारी उद्योग मंत्रालय ने विगत पाँच वर्षों के दौरान झारखंड में स्थित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों (सीपीएसई) के आधुनिकीकरण, क्षमता विस्तार तथा नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए कोई विशेष योजना अनुमोदित नहीं की है।

**(ख) एवं (ग):** उपर्युक्त के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

*****